14.11.2025

BSE Limited Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street Mumbai, Maharashtra – 400001 Email id: corp.relations@bseindia.com	**Metropolitan Stock Exchange of India Limited** 205(A), 2nd floor, Piramal Agastya Corporate Park Kamani Junction, LBS Road, Kurla (West), Mumbai, Maharashtra-400070 Email id: raviraj.nirbhawane@mcx-sx.com
Scrip Code: 539599	**Trading Symbol: KEL**

Subject: Newspaper Advertisement – Regulation 30 & 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosures Requirements) Regulations, 2015

Ref: Un-Audited Financial Results for the Quarter Ended on 30th September 2025

Dear Sir/ Madam,

Please find enclosed herewith copy of relevant page of "Mint" (English) and "Haribhoomi" (Hindi) newspapers dated 14th November,2025, publishing extract of Un-audited Financial Results of the Company for the quarter ended 30th September, 2025, upon approval by the Board of Directors at its meeting held on 13th November, 2025.

This is for your information and records.

Thanking You,

Yours faithfully

For Kotia Enterprises Limited

Ankit Bhatnagar
Digitally signed by Ankit Bhatnagar
Date: 2025.11.14 12:00:59 +05'30'

Ankit Bhatnagar
(Company Secretary & Compliance officer)

Encl.: *As above*

Evolving market ends era of long-serving consumer CEOs

Top executives are facing pressure to counter new-age brands, safeguard market share

Suneera Tandon
suneera.t@livemint.com
NEW DELHI

India's consumer businesses, once known for stable management and long chief executive officer (CEO) tenures, are witnessing top-level churn across sectors such as retail and fast-moving consumer goods (FMCG), as pressure mounts on top executives to counter new-age brands, safeguard market share, and deploy technology across businesses, said recruiters and former CEOs.

Market observers pointed to "structural" changes underway in the industry, with companies facing intense competition, evolving distribution channels, and younger shoppers who are rewriting the rules of how goods are sold to them.

Talent managers said the sector could see even more churn in the coming months and quarters.

Sunil Duggal, former CEO of homegrown FMCG company Dabur India, explained that the operating environment for consumer goods companies has changed dramatically during and after the pandemic. Duggal served as CEO of the listed firm for nearly two decades before stepping down in 2019.

Sunil Duggal, former CEO of Dabur India, says the operating environment for consumer goods firms has changed dramatically during and after the pandemic. MINT

Duggal said businesses such as quick commerce and digital marketing are fundamentally prompting new-age skills. It makes sense to hire people more "connected" with those spaces, he said. As a result, company boards are also pushing for a generational shift at the top. "Boards feel it's time for a new generation of CEOs who can connect with the youngsters of today—in terms of marketing, advertising, and distribution."

The pace of change a decade ago was manageable but no longer, he said. "During my tenure, the operating environment changed, but not as much as today. I inherited a pure GT (general trade) environment, then MT (modern trade) came in, and we dealt with it without tweaking the business model too much. While we had e-commerce, grocery wasn't the key focus for those platforms."

But, as it evolved, e-commerce—and specifically quick commerce—has become a real disruptor, he noted. "That changed the entire grocery go-to-market ecosystem like nothing else before."

Though still small, quick commerce contributed nearly a third to online FMCG sales in India, which rose 56% to ₹9,800 crore in the year ended May, according to Worldpanel by Numerator (formerly Kantar Worldpanel). The channel draws anywhere between 2% and 7% of overall sales in FMCG.

"It's a transition time clearly—the old has to make way for the new. It's about time it happened," Duggal added.

In recent months, India's consumer goods industry, spanning traditional packaged goods to fashion and retail, has seen a wave of management reshuffles:

Earlier this year, Hindustan Unilever Ltd announced the appointment of Priya Nair as CEO and managing director effective 1 August 2025 following the sudden departure of predecessor Rohit Jawa after spending over two years in the top post.

In October, lubricant oil maker Castrol India announced the exit of managing director Kedar Lele with effect from 31 December 2025, citing Lele's desire to pursue other opportunities; he was appointed to the role just in November 2024.

Beauty and cosmetics company Loreal India named a new country manager Jacques Lebel effective 02 October succeeding Aseem Kaushik who moved to a newly created role of chairman. Kaushik was appointed MD in 2023.

Last week, biscuit maker Britannia Industries named Rakshit Hargave as its next managing director and CEO, effective 15 December 2025, for a period of five years. Days later, Varun Berry stepped down from his role as executive vice-chairman and interim CEO after a 13-year stint at the firm.

The CEO churn comes as discretionary spending remains under pressure, especially in urban markets. In its September quarter earnings announcement, packaged goods major HUL said macroeconomic conditions in India were not favourable.

"The overall FMCG demand was subdued on account of high food inflation, overall income being challenged, wage inflation, and even weather vagaries that led to subdued conditions," according to the company's management. It had reported flat volumes in the quarter on account of the transition to new GST rates.

At the same time, large global companies continue to raise stakes in India given the country's large, young population base, resulting in stiffer targets in business.

For an extended version of this story, go to livemint.com.

TOP MANAGEMENT CHURN

EARLIER this year, HUL appointed Priya Nair as CEO and MD following Rohit Jawa's sudden exit

IN Oct, Castrol India announced the exit of MD Kedar Lele, who was given the role in Nov 2024

VARUN Berry quit as Britannia exec VC and interim CEO after a 13-year stint at the firm

LOREAL India named Jacques Lebel as country manager, succeeding Aseem Kaushik

Brokers struggle to meet Sebi deadline on retail algo trading

Dipti Sharma & Neha Joshi
MUMBAI

Sebi's new regulatory and technological changes are aimed to make algorithmic trading safer and more transparent. ISTOCKPHOTO

Stockbrokers are scrambling to meet a series of cascading regulatory deadlines to implement new algorithmic trading rules for retail investors, a landmark shift that promises to democratize sophisticated trading tools but has triggered technical and compliance hurdles.

The Securities and Exchange Board of India (Sebi) on 4 February mandated all brokers to provide algorithmic trading facilities to retail traders. Originally slated for a 1 August rollout, the massive re-engineering required forced Sebi to extend the deadline twice and set up a phased implementation. Brokerages had to register at least one algorithmic product by 31 October and must submit any additional ones by 30 November. A mock testing phase is scheduled until 3 January, 2026. The full regulatory framework is expected to be in force for all stock brokers from 1 April, 2026.

The regulations are aimed at making algorithmic trading safer, more transparent, and more accountable. Market participants, while straining to meet the mandates, largely agree that the phased deadlines are necessary to grasp the urgency and adapt to the new framework smoothly.

Sebi on 4 Feb mandated all brokers to provide algorithmic trading facilities to retail traders

Ashish Nanda, chief digital business officer at Kotak Securities, said, "The deadline has been pushed back because hosting algorithms takes time". Since each client may want a different set of strategies or parameters, brokers must offer a comprehensive library of such algorithms, he explained.

Hosting here refers to building and integrating ready-to-use trading programs on a broker's platform, enabling investors to easily select and execute them. To encourage adoption, Kotak Securities' application, Kotak Neo, has announced zero brokerage and zero API charges across all digital plans starting 1 November.

At the core of the change is a definitive ban on the use of open Application Programming Interfaces (APIs). Previously, these open protocols allowed retail traders and third-party applications to connect directly to a broker's trading system. Now, access is restricted to secure, broker-controlled setups, ensuring every single algorithmic trade is clearly identified and monitored.

Under the new regime, all trading algorithms must be hosted and deployed directly on the broker's own infrastructure. This crucial change transfers end-to-end control and accountability onto the broker. It requires them to maintain complete logs, conduct mandatory pre-trade risk checks, and keep detailed audit trails accessible to both Sebi and the stock exchanges.

The transition, however, has been fraught with challenges. The multiple deadline extensions underscore the immense technical and compliance re-engineering needed.

"Most brokers were not ready with the technology development by 1 October owing to dependency on vendors," said Dhiraj Relli, managing director and chief executive officer of HDFC Securities. He noted that vendors, responsible for order routing to the exchanges, required more time to adapt to the new changes. Sebi also wants brokers to integrate sophisticated order-tagging systems, implement real-time pre-trade risk checks, and enforce a 'limit-order only' rule for automated trades.

Kkunal V. Parar, vice-president of technical research and algo at Choice Broking, summarized the operational hurdles: "Brokers now have to build systems that can watch every algo trade in real time, keep perfect records, and have an emergency 'kill switch' to stop a client's algos if they place too many orders too quickly."

dipti.sharma@livemint.com

For an extended version of this story, go to livemint.com.

लाल किले के पास दुकान की छत पर मिला कटा हाथ

एक और घायल की मौत से मृतकों की संख्या हुई 13

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लाल किले के पास हुए विस्फोट में घायल एक और व्यक्ति की एलएनजेपी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। विस्फोट में मरने वालों की संख्या अब बढ़कर 13 हो गयी है। मृतक की पहचान बिलाल के रूप में की गयी है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार एलएनजेपी अस्पताल से बृहस्पतिवार सुबह बिलाल की मौत के बारे में सूचना मिली। अधिकारियों ने बताया कि आज पोस्टमार्टम कराया जाएगा। बिलाल की मौत के साथ ही सोमवार शाम को हुए उच्च तीव्रता वाले विस्फोट में मरने वालों की कुल संख्या 13 हो गई है, जबकि दो दर्जन अन्य घायलों का उपचार जारी है।

विस्फोट स्थल के पास एक दुकान की छत पर बृहस्पतिवार सुबह एक कटा हुआ हाथ पाया गया। पुलिस के मुताबिक कटा हुआ यह हाथ विस्फोट स्थल से कुछ मीटर दूर जैन मंदिर के पीछे मिला। इसके बारे में सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और इलाके की घेराबंदी कर हाथ को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की पहचान सुनिश्चित करने के लिए कटे हुए हाथ को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है।

उमर ही चला रहा था आई20 कार, डीएनए परीक्षण से हुई पुष्टि

नई दिल्ली। लाल किला विस्फोट स्थल से एकत्र किए गए नमूनों के डीएनए परीक्षण से पुष्टि हुई है कि डॉ. उमर नबी ही उस आई20 कार को चला रहा था जिसमें विस्फोट हुआ था। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को जानकारी दी कि उमर की मां के डीएनए नमूने एकत्र किए गए थे और जांच के लिए यहां भेजे गए थे। विस्फोट स्थल और कार से एकत्र अवशेषों के साथ डीएनए नमूनों का विश्लेषण किया गया। एक सूत्र ने कहा डीएनए के नतीजे इस बात की पुष्टि करते हैं कि वास्तव में उमर ही विस्फोट में इस्तेमाल कार चला रहा था। उमर इस सप्ताह की शुरुआत में पर्दाफाश किए गए एक सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल का प्रमुख सदस्य था। वह जम्मू कश्मीर में पुलवामा के कोइल गांव का रहने वाला था। पुलिस द्वारा प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवात-उल-हिंद से जुड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने और तीन चिकित्सकों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार करने के कुछ ही घंटे बाद सोमवार शाम को कार में उच्च तीव्रता वाला विस्फोट हो गया था। पुलिस ने जम्मू कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के बाद लगभग 3,000 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम क्लोरेट और सल्फर जब्त किया है। केस में कड़ी दर कड़ी जोड़ी जा रही है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल अपने स्तर पर जांच में जुटी है और एनआईए को हर संभव मदद कर रही है।

यात्रियों से रेलवे स्टेशन, मेट्रो, हवाई अड्डे पर समय से पहले पहुंचने की अपील

नई दिल्ली। राजधानी में बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि वे रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन और हवाई अड्डे पर अपनी निर्धारित यात्रा के समय से पहले पहुंचें ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। संयुक्त पुलिस आयुक्त (परिक्षेत्र रेंज) मिलिंद दुम्बरे के अनुसार यह परामर्श जारी किया गया है ताकि प्रमुख परिवहन केंद्रों पर सुरक्षा जांच सुचारु रूप से की जा सके और यात्री समय पर अपनी यात्रा शुरू कर सकें। उन्होंने कहा कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे रेलगाड़ियों के प्रस्थान से कम से कम एक घंटे पहले, मेट्रो के प्रस्थान से 20 मिनट पहले और हवाई यात्रा से तीन घंटे पहले संबंधित स्थानों पर पहुंचें। संयुक्त आयुक्त ने बताया कि एहतियाती उपायों के तहत सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और गहन जांच प्रक्रिया अपनाई गई है। सुरक्षा बल यात्रियों, सामान और वाहनों की विस्तृत जांच कर रहे हैं। हम सभी यात्रियों से सुरक्षा और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और सुरक्षा कर्मियों के साथ सहयोग करने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए यात्रियों का सहयोग अपेक्षित है।

महिपालपुर में धमाके की कॉल ने फुलाई पुलिस की सांसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर इलाके में बृहस्पतिवार को एक तेज धमाके की आवाज आने के बाद हुई पीसीआर कॉल ने पुलिस की सांसें फुला दी। आनन फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास काफी तलाशने के बाद पता चला कि एक बस का टायर फटने के बाद तेज आवाज से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई थी।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार सुबह नौ बजकर 19 मिनट पर सूचना मिली कि महिपालपुर में रेडिसन होटल के पास एक धमाके जैसी तेज आवाज सुनाई दी है, जिसके बाद दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। अधिकारियों को गहन जांच के बाद भी घटनास्थल पर कुछ नहीं मिला। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि फोन करने वाले से संपर्क किया गया और उसने बताया कि जब वह गुरुग्राम जा रहा था, तभी तेज आवाज सुनाई दी। डीसीपी ने कहा

■ बस का टायर फटने से हुआ था धमाका

कि हमने जांच पड़ताल की और शुरू में कुछ नहीं मिला। आखिर में स्थानीय लोगों से पूछताछ के दौरान एक गार्ड ने बताया कि धौला कुआं जा रही डीटीसी की एक बस का पिछला टायर फट गया था और उसी से यह आवाज आई थी। इसके बाद अधिकारी ने चैन की सांस ली।

विस्फोटक सामग्री खरीदने के लिए संदिग्धों ने जमा किये थे 26 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए डॉक्टरों ने लाल किले के पास विस्फोट में इस्तेमाल की गई सामग्री खरीदने के लिए 26 लाख रुपये से ज्यादा की रकम जुटाई थी। आरोपियों के खातों के मनी ट्रेल से यह खुलासा हुआ। पुलिस के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। बताया कि चार संदिग्धों डॉ मुजम्मिल गनई, डॉ अदील अहमद राथर, डॉ शाहीन सईद और डॉ उमर नबी ने मिलकर नकद राशि जमा की थी, जिसे सुरक्षित रखने और परिचालन उपयोग के लिए डॉ उमर को सौंपा गया था। जांचकर्ताओं का पुख्ता तौर पर मानना है कि यह धनराशि एक बड़ी आतंकी साजिश के लिए ही इकट्ठा की गई थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जमा की गई इस राशि से उन्होंने कथित तौर पर गुरुग्राम, नूंह और आसपास के शहरों से लगभग तीन लाख रुपये मूल्य का लगभग 26 क्विंटल एनपीके खाद खरीदा था। अन्य रसायनों के साथ मिश्रित इस उर्वरक का इस्तेमाल आमतौर पर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बनाने में किया जाता है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि समूह द्वारा इतनी बड़ी मात्रा में खाद की खरीद, जांच में एक अहम सुराग बन गई है। वित्तीय लेन-देन और आपूर्ति रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।

कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग मामले में तीन किए गिरफ्तार

नई दिल्ली। शाहदरा पुलिस ने तीन नवंबर को फर्श बाजार इलाके में एक कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग की घटना में संलिप्त तीन शूटरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम जहीर उर्फ आसिफ उर्फ गुड्डू, फारुख और सलमान उर्फ लड्डन है। जांच के दौरान जहीर ने एक पुलिस अधिकारी से सर्विस पिस्तौल छीनकर हिरासत से भागने की कोशिश भी की थी। बार-बार चेतावनी देने के बाद भी नहीं रुकने पर उसके दाहिने पैर में गोली मारी गई। पुलिस के अनुसार यह मामला शाहदरा निवासी कुणाल अरोड़ा द्वारा तीन नवंबर को दर्ज कराई गई शिकायत से संबंधित है। कुणाल ने अपनी शिकायत में कहा था कि दो नवंबर को रात करीब 11 बजे भोला नाथ नगर स्थित उनके घर के मुख्य द्वार पर दो लोगों ने गोलीबारी की, जबकि एक तीसरा व्यक्ति उनके पीछे खड़ा था, जिसने अपना चेहरा ढका हुआ था। हेलमेट पहने हमलावर कुणाल के परिवार को धमकी देकर भाग गए। इस घटना के संबंध में मामला दर्ज किया गया था। जांच के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेश किये जाने पर आरोपियों को दो दिन की पुलिस हिरासत मिली है। रिमांड के दौरान जहीर पुलिस को अपराध में इस्तेमाल हथियार बरामद करने के लिए यमुना खादर ले गया। बरामदगी की प्रक्रिया के दौरान जहीर ने एक पुलिस अधिकारी से सर्विस पिस्तौल छीनकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि इसके बाद हाथापाई हुई और पुलिस ने एक गोली चलाई, जो जहीर के दाहिने पैर में लगी। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्हें सट्टेबाज सचिन उर्फ गोलू ने बंटी अरोड़ा नामक व्यक्ति को धमकाने के लिए कहा था। बंटी अरोड़ा ने कथित तौर पर 30 लाख रुपये की जबरन वसूली की रकम देने से इनकार कर दिया था। पुलिस ने बताया कि मुख्य साजिशकर्ता सचिन का पता लगाने और गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान करने के लिए मामले की विस्तृत जांच जारी है।

एनसीईआरटी की 'पायरेटेड' किताबों की आपूर्ति में लिप्त दो लोगों को दबोचा

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने दरियागंज स्थित एक गोदाम पर छापा मारने के बाद एनसीईआरटी की 'पायरेटेड' पुस्तकों की आपूर्ति में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एनसीईआरटी के अधिकृत कानूनी प्रतिनिधियों के साथ टीम ने अभियान के दौरान एनसीईआरटी की कुल 12,755 पायरेटेड किताबें जब्त की हैं। पकड़े गये आरोपियों में यमुना विहार निवासी कनिष्क (32) और प्रीत विहार निवासी विनोद जैन (65) शामिल हैं। डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार 10 नवंबर को प्राप्त विशेष सूचना के आधार पर पुलिस ने दरियागंज स्थित एक गोदाम पर छापा मारा था, जहां एनसीईआरटी की पायरेटेड किताबें रखी मिलीं। आरोपियों को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता तथा कॉपीराइट अधिनियम, 1957 की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि कनिष्क ने डीयू से स्नातक की डिग्री प्राप्त की है और उसका कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। विनोद जैन ने कक्षा 12वीं तक पढ़ाई की है और वह पिछले साल भी क्राइम ब्रांच थाने में दर्ज इसी तरह के एक मामले में शामिल था।

एसबीआई से चार करोड़ की ठगी में शामिल तीन अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आर्थिक अपराध शाखा ने द्वारका में जाली संपत्ति दस्तावेजों का इस्तेमाल करके एसबीआई से चार करोड़ की ठगी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जुकिटो इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक जतिन प्रसाद, राजेंद्र कुमार उर्फ राजा और संदीप सिंह शामिल है। दिल्ली में पंजीकृत यह स्टील व्यवसाय से जुड़ी कंपनी है।

डीसीपी रवि कुमार सिंह के अनुसार द्वारका सेक्टर-12 में संपत्ति के जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल एसबीआई, एमजी रोड, गुरुग्राम से चार करोड़ की कैश क्रेडिट (सीसी) सीमा हासिल करने के लिए किया गया। संदीप सिंह ने खुद को संपत्ति के मालिक

के रूप में पेश किया था। जाली पैन और आधार का इस्तेमाल करके कंपनी में निदेशक बना हुआ था। फर्जी दस्तावेज तैयार करने और छद्मवेश धारण करने के लिए सह-अभियुक्तों को कमीशन के रूप में 60 लाख दिए गए। आरोपी राजेंद्र कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पहले लूट और चोरी के चार मामलों में शामिल रहा है। कैथल और हिसार में निरंतर तकनीकी निगरानी और क्षेत्रीय अभियानों के बाद त्वरित गिरफ्तारियां की गई। आरोपियों ने पहले एक असली संपत्ति की पहचान की और उसका विवरण प्राप्त किया। फिर उन्होंने वास्तविक मालिक के नाम पर जाली स्वामित्व और पहचान संबंधी दस्तावेज (जैसे बिक्री विलेख, पैन और आधार) तैयार किए। इनका उपयोग करके उन्होंने कंपनी के रिकॉर्ड में धोखाधड़ी से फेरबदल किया और नकली व्यक्ति को निदेशक बना दिया। इसके बाद उन्होंने जाली संपत्ति के दस्तावेजों को गिरवी रखकर वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए बैंक से संपर्क किया। नकद ऋण सीमा स्वीकृत होने के बाद, ऋण राशि को व्यक्तिगत और फर्जी खातों के माध्यम से डायवर्ट किया गया और उधारकर्ताओं ने जानबूझकर भुगतान नहीं किया, जिससे बैंक को नुकसान हुआ।